दक्षता आधारित कार्य-पत्रक

विषय: हिन्दी | कक्षा : आठवीं

पाठ/प्रकरण का :	जहाँ पहिया है	**समयावधि :**	40 मिनट
विद्यार्थी का नाम :	....	**पूर्णांक :**	20
अनुक्रमांक :	....	**दिनांक :**	....../....../........

निर्देश:- **1. सभी प्रश्न अनिवार्य है| 2. कार्य-पत्रक में दिए गए स्थान पर ही उत्तर लिखें|**
3. लेखन कार्य की स्पष्टता एवं शुद्धता का विशेष ध्यान रखें|

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

1. **जहाँ पहिया है - यह पाठ किस क्षेत्र विशेष से सम्बंधित है ?** 1

(क) तमिलनाडु
(ख) कर्नाटक
(ग) आन्ध्रप्रदेश
(घ)ते लंगाना

2. **जहाँ पहिया है- इस पाठ में मुख्य सन्देश निहित है |** 1

(क) सामजिक परिवर्तन व पराधीनता के बंधन को तोड़ना
(ख) वर्तमान समय के साथ सहभागिता
(ग) जागरूकता एवं सक्रियता
(घ) स्वाधीनता और आजादी के साथ जीवन यापन
(क) - ख और क
(ख)- ग और ख
(ग) - ग और घ
(घ) - उपर्युक्त सभी

3. ***कथन :-*** *महिलाएं भी नयी-नयी साइकिल सीखनेवाली महिलाओं का भी सहयोग कर रहीं हैं |* 1
कारण :- *सामाजिक परिवर्तन के लिए और समाज की मुख्य धारा से जोड़ने में सहयोग कर रही है |*

(क) कथन सही है और कारण गलत है
(ख) कथन गलत है और कारण सही है
(ग) कथन और कारण दोंनों गलत है
(घ) कथन और कारण दोंनों सही है

Egyanarchive.org

4. “ओ बहिना , आ सीखें साइकिल , घूमें समय के पहिए संग ....”- गीतांश हेतु समुचित भाव का चयन कीजिए - 1

(क) समय के साथ तालमेल बैठाना |

(ख) सामाजिक परिवर्तन में अपनी भूमिका की सिद्ध करना |

(ग) देश और समाज की प्रगति में अपनी अदायगी निभाएं |

(घ) रोज़मर्रा की घिसी-पिटी जिंदगी को जीना |

(क) क और ख

(ख) ख ,ग और घ

(ग) क , ग और घ

(घ) क, ख, और ग

5. पी.साईनाथ द्वारा लिखित यह पाठ किस विधा (प्रकार) से सम्बंधित 1

(क) कहानी (ख) कविता (ग) रिपोर्ताज (घ) यात्रा वृतांत

(भाषा की बात आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न)

6. फब्ती कसना - वाक्यांश का मुख्य अर्थ है 1

(क) प्रशंसा करना (ख) चिढ़ाना

(ग) व्यंग्य करना (घ) हँसी -मज़ाक करना

7. निम्नलिखित शब्दों में उपसर्ग वाले विकल्प का चयन कीजिए - 1

(क) अभिव्यक्त , अभियोग

(ख) प्रशिक्षण , प्रशिक्षित

(ग) इच्छित , विद्यालय

(घ) ग्रामीण , आन्दोलन

(क) - क और ख

(ख) - ख और ग

(ग) - ग और घ

(घ) - क, ख, ग, घ

8. निम्नलिखित शब्दों में प्रत्यय वाले विकल्प का चयन कीजिए - 1

(क) मजदूरी , माध्यमिक

(ख) आत्मविश्वास , निर्भर

(ग) सामाजिक , प्रोत्साहित

(घ) साइकिल , उत्पादक

(क)- क और ख

(ख) - क और ग

(ग) - ख और घ

(घ) - ग और घ

egyanarchive

(वर्णनात्मक प्रश्न)

9. पुडुकोट्टई की ग्रामीण महिलाओं ने अपनी आजादी किसके माध्यम से अभिव्यक्त की है ? 2

उत्तर:- --

----

10. साइकिल आन्दोलन से पुडुकोट्टई की महिलाओं के जीवन में कौनसे कौनसे बदलाव आएं हैं ? 2

उत्तर:- --

----

11. जहाँ पहिया है - पाठ में पहिया किसका प्रतीक है ? पाठ के आधार पर अपने विचार लिखिए | 2

उत्तर:- --

----

12. महिलाएं किस तरह के गीत गा रही थीं ? 2

उत्तर:- --

(रचनात्मक/सृजनात्मक प्रश्न)

13. संगठित होकर किया गया कार्य सामाजिक परिवर्तन लाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है -पाठ के आधार अपने विचार व्यक्त कीजिए | 4

उत्तर:- --

----

egyanarchive

उत्तरमाला

प्रश्न	दक्षता/उद्देश्य	उत्तर	
		(बहुविकल्पीय प्रश्न)	
1.	स्मरण	उत्तर:- (क)	1
2.	समझ	उत्तर:- (घ)	1
3.	विश्लेषण	उत्तर:- (घ)	1
4.	समझ	उत्तर:- (घ)	1
5.	स्मरण	उत्तर:- (ग)	1
		(भाषा की बात आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न)	
6.	समझ	उत्तर:- (ग)	1
7.	अनुप्रयोग	उत्तर:- (क)	1
8.	अनुप्रयोग	उत्तर:- (ख)	
		(वर्णनात्मक प्रश्न)	
9.	लेखन , समझ	वहाँ की ग्रामीण महिलाओं ने साइकिल आन्दोलन के माध्यम से अपनी स्वाधीनता , आज़ादी गतिशीलता को अभिव्यक्त किया हैं | समाज के प्रगति की ओर बढ़ते कदमों के साथ अपने कदमों के तालमेल बिठाने के भावों को अभिव्यक्त किया हैं	2
10.	लेखन , समझ	महिलाएं अपनी दैनिक जीवन -चर्या को आरामदायक ढंग से करने में सक्षम हुई | उन्हें अपने निजी कार्यों को करने के लिए औरों पर आश्रित होने की आवश्यकता कम महसूस होने लगी | स्वच्छंद होकर अपनी आजीविका का निर्वाह करने लगी | खेत -खलियानों और घरों के बीच की दूरी कम होने लगी | बस की लम्बी कतारों से मुक्ति मिली	2
11.	लेखन , चिंतन	पाठ में प्रयुक्त पहिया शब्द वर्तमान समय की बदलती परिस्थितियों और परिवेश के साथ अपनी सहभागिता को अभिव्यक्त करता है | गतिशील समय के साथ हमें भी अपनी प्रगति को सुनिश्चित करना है | समाज की रूढ़िवादिता और संकीर्ण मानसिकता को यथासमय तोड़ते हुएं आगे बढ़ने की सीख देता है |	2
12.	लेखन , स्मरण	साइकिल चलाना सीखने और कुछ कर गुजरने वालों को प्रोत्साहित करने वाले गीतों को गा कर अपनी स्वाधीनता , आज़ादी तथा देश -समाज की प्रगति के साथ कंधे से कन्धा मिलाने के भावों को अभिव्यक्त कर रही हैं	2
		(रचनात्मक/सृजनात्मक प्रश्न)	
13.	लेखन और सृजन	उत्तर:- विद्यार्थी अपने विवेकानुसार विचार करेंगे	4